-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट व मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दानपात्र से रुपए चोरी करने वाले अभियुक्त को थाना बदौसा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1860 रुपए बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना बदौसा पुलिस द्वारा मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट कर दानपात्र से रुपए ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 18.03.2026 को थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम नादनमऊ के रहने वाले चुन्नु पुत्र रामस्वरुप द्वारा खेरापति मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट कर मूर्ति को क्षतिग्रस्त करते हुए दान पेटिका से रुपए चुरा ले जाने के सम्बन्ध में थाना बदौसा पर सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में थाना बदौसा पुलिस द्वारा दिनांक 19.03.2026 को देर रात्रि बदौसा रोड देवखेर पौहार से अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से दानपात्र से चुराए गए 1860 रुपए बरामद हुए है।

बरामदगी-

- 1860 रुपए (दानपात्र से चोरी के)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. चुन्नु पुत्र रामस्वरुप निवासी नादनमऊ थाना बदौसा जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 46/26 धारा 115(2)/303(2)298//317(2) बीएनएस थाना बदौसा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री अजीत प्रताप सिंह थानाध्यक्ष बदौसा
2. श्री प्रमोद कुमार चौकी प्रभारी लमेहटा
3. कां0 राघवेन्द्र